25.13 बाल गंगाधर तिलक (Bal Gangadhar Tilak)..... 334
विचारधारा (Ideology) 335
योगदान (Contributions)..... 335
25.14 पंडित मदनमोहन मालवीय
(Pt. Madan Mohan Malaviya)..... 335
विचारधारा (Ideology) 336
योगदान (Contributions)..... 336
25.15 स्वामी दयानंद सरस्वती (Dayanand Saraswati) 336
विचारधारा (Ideology) 336
योगदान (Contribution) 336
25.16 रबींद्रनाथ टैगोर (Rabindranath Tagore) 337
विचारधारा (Ideology) 337
योगदान (Contributions)..... 337
25.17 अन्य प्रभावशाली व्यक्तित्व (Other Important
Personalities)..... 340

परिशिष्ट-I: **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन** (Indian National Congress Conferences) 377

परिशिष्ट-II: **स्वतंत्रता से पूर्व भारत में समितियाँ और आयोग** (Committees and Commissions in India before Independence 380

परिशिष्ट-III: **पत्रिकाएं/पुस्तकें/स माचार-पत्र** (Magazines/Books/News Paper) 382

इकाई I

सत्ता संघर्ष का एक युग

1. **मुग़ल** (Mughals)..... 2
2. **क्षेत्रीय सत्ताओं का उदय** (Rise of Regional Powers)..... 14
3. **यूरोपियों का आगमन** (Advent of Europeans)..... 35
4. **ब्रिटिश राज्य के उदय में बाधाएँ** (Obstacles to British Rise)..... 44
5. **बंगाल में अंग्रेज़ी सत्ता का उदय** (Rise of British Power in Bengal)..... 58
6. **ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन काल में प्रशासन** (Administration during East India Company), 1757–1856..... 65

अध्याय

1

मुग़ल (Mughals)

1.1 मुग़ल साम्राज्य का उद्भव (Development of the Mughal Empire)

मुग़ल शब्द मंगोलिया की 'मंगोल' नामक खानाबदोश जनजाति से उद्धृत हुआ है। 13वीं शताब्दी में चंगेज़ (Genghis) खान ने एशिया एवं यूरोप के मध्य भू-भाग में फैले मंगोलों के विभाजित समूहों को संगठित करके मंगोल साम्राज्य की नींव रखी। तत्पश्चात् चौदहवीं शताब्दी में एक बारलस (Barlas) तुर्क, तैमूर ने स्वयं को चंगेज़ खान के वंश का उत्तराधिकारी एवं स्वतंत्र संप्रभु शासक घोषित किया। चंगेज़ खान के वंशज बाबर ने 1526 ईसवी में पानीपत के प्रथम युद्ध में इब्राहिम लोदी को पराजित कर भारत में मुग़ल साम्राज्य की नींव रखी।

बाबर (Babur)

बाबर

बाबर के पूर्वज तैमूर को अपने भारतीय अभियानों से अत्यधिक लाभ प्राप्त हुआ था। तैमूर ने पंजाब का कुछ क्षेत्र हड़प लिया था, जो कई पीढ़ियों तक उसके उत्तराधिकारियों के अधिकार बना रहा। जब बाबर ने अफ़ग़ानिस्तान पर विजय प्राप्त की, तो उसने इन क्षेत्रों पर भी अपना अधिकार समझा। इस विजय ने उसे भारत विजय के लिए प्रेरित किया।

भारत-विजय के कारण (Reasons for Conquest of India)

मध्य एशिया के सैकड़ों आक्रमणकारियों की तरह बाबर भी हिंदुस्तान की अपार धन-संपदा की ओर आकर्षित हुआ। बाबर की दृष्टि में भारत, काबुल के अल्प राजस्व की क्षतिपूर्ति कर सकता था। साथ ही, वह उज़्बेकों के काबुल पर आक्रमण को लेकर भी सशंक्ति था, इसलिए वह भारत में अपनी सत्ता स्थापित कर उज़्बेकों के ख़िलाफ़ अपने अभियान को जारी रख सकता था। भारत की विभाजित राजनीतिक परिस्थितियाँ भी बाबर के अनुकूल थीं। पंजाब के तत्कालीन प्रमुख दौलत खाँ लोदी ने भी उससे भारत में आक्रमण करने का आग्रह किया था। था। कुछ इतिहासकारों का मत है कि मेवाड़ के शासक राणा सांगा ने भी बाबर को भारत पर आक्रमण करने के लिए आमंत्रित किया था, मगर यह मत अत्यंत भ्रामक है।

पानीपत के प्रथम युद्ध (20 अप्रैल, 1526) में इब्राहिम लोदी को पराजित करके बाबर ने दिल्ली एवं आगरा पर नियत्रंण स्थापित कर लिया था। चूँकि सिंधु-गंगा घाटी क्षेत्र में बाबर की उपस्थिति राणा सांगा के लिए एक ख़तरा थी, अत: राणा सांगा बाबर को पंजाब तक सीमित रखना चाहता था। बाबर ने राणा सांगा पर आरोप लगाया कि उसने पानीपत के प्रथम युद्ध में इब्राहिम लोदी के विरुद्ध उसका साथ नहीं देकर समझौते का उल्लंघन किया है। अत: बाबर एवं सांगा की सेनाओं में 1527 ईसवी में 'खानवा में युद्ध' हुआ, जिसमें राणा सांगा पराजित हुआ।

चित्र: पानीपत के प्रथम युद्ध का दृश्य

खानवा के युद्ध में मिली विजय से दिल्ली-आगरा क्षेत्र में बाबर की स्थिति मज़बूत हो गई। तत्पश्चात् उसने चंदेरी के शासक मेदनीराय के ख़िलाफ़ 1528 ईसवी में 'चंदेरी का युद्ध' लड़ा तथा चंदेरी पर अधिकार कर लिया।

चित्र: खानवा युद्ध का दृश्य

लेकिन, पूर्वी उत्तर प्रदेश में अफ़ग़ानों का दबदबा था तथा उनके साथ बाबर का मेल-मिलाप नहीं हो सका। अत: बाबर ने 1529 ईसवी में अफ़ग़ानों के ख़िलाफ़ घाघरा का युद्ध लड़ा, किंतु वह निर्णायक विजय प्राप्त नहीं कर सका। बाबर ने अफ़ग़ानों के साथ

समझौता किया और बिहार पर अफ़ग़ानों का अधिकार स्वीकार किया। इसके कुछ समय बाद ही 26 दिसंबर, 1530 को बाबर की मृत्यु हो गई।

यद्यपि बाबर एक रूढ़िवादी सुन्नी था, लेकिन वह कट्टर नहीं था। वह तुर्की भाषा के दो प्रमुख लेखकों में से एक था। उसने 'तुज़ुक -ए-बाबरी' नामक संस्मरण की रचना भी की।

बाबर की भारत-विजय का महत्त्व (Significance of Babur's Conquest of India)

1. उसने काबुल एवं कंधार को उत्तर भारतीय साम्राज्य में शामिल किया, जिससे-
   - लगभग 200 वर्षों तक उत्तरी-पश्चिमी सीमा सुरक्षित रही।
   - भारत का व्यापार चीन एवं भूमध्यसागरीय (Mediterranean) बंदरगाहों तक बढ़ गया।
2. लोदी एवं राजपूत राज्यों की पराजय से अंततः संपूर्ण भारत में मुग़ल साम्राज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ।
3. भारत में युद्ध के नए तौर-तरीके में आरंभ हुए। बाबर ने भारत में बारूद एवं तोपों का प्रचलन शुरू किया।
4. उसने ताज की प्रतिष्ठा एवं शक्ति के बल पर राज्य की स्थापना की।

हुमायूँ (Humayun)


हुमायूँ

हुमायूँ ने बाबर के बाद 1530 ईसवी में मुग़ल साम्राज्य की कमान संभाली। उसके सामने कई कठिनाइयाँ थीं, जैसे- नवीन मुग़ल साम्राज्य का एकीकरण, मुग़ल साम्राज्य को भाइयों में विभाजित करने की तैमूरी प्रथा तथा अफ़ग़ान एवं गुजरात के बहादुर शाह की बढ़ती शक्ति आदि। जल्दी ही, हुमायूँ ने गुजरात अभियान कर बहादुर शाह से गुजरात एवं मालवा, दोनों जीत लिए, परंतु कुछ ही समय बाद वह ये दोनों क्षेत्र पुनः हार गया। फिर भी वह बहादुर शाह द्वारा उत्पन्न कठिनाइयों का सामना करने में कामयाब रहा।

इसी बीच, जब हुमायूँ गुजरात अभियान में व्यस्त था, एक शक्तिशाली अफ़ग़ान सरदार, शेरशाह ने अपनी शक्ति बढ़ाई। यद्यपि शेरशाह, मुग़लों के प्रति निष्ठा का दिखावा करता था, किंतु वह वास्तव में मुग़लों को भारत से निष्कासित करने की योजना बना रहा था। शेरशाह ने 'कन्नौज के युद्ध' में 1540 में हुमायूँ को परास्त किया। इस युद्ध ने हुमायूँ को 'बिना राज्य का राजकुमार' (Prince without Kingdom) बना दिया एवं उसे ईरानी शासक के दरबार में शरण लेनी पड़ी।

हुमायूँ की पराजय का प्रमुख कारण था कि उसने अफ़ग़ान शक्ति को समझने में भारी भूल की थी। अफ़ग़ान जनजाति उत्तर में यत्र-तत्र फैली हुई थी, जो शेरशाह के कुशल नेतृत्त्व में संगठित हो सकती थी और उसने उन्हें संगठित भी कर लिया। हुमायूँ के द्वारा बंगाल अभियान के रूप में अपनाई गई अपरिपक्व कूटनीतिक रणनीति भी गलत साबित हुई तथा शेरशाह की विजय के पश्चात् हुमायूँ को अपने भाइयों से भी सहायता प्राप्त नहीं हुई।

परंतु 1555 में, सूर साम्राज्य के विघटन के बाद हुमायूँ पुनः दिल्ली प्राप्त करने में सफल रहा। लेकिन इसके कुछ ही समय बाद, दिल्ली किले में स्थित पुस्तकालय की प्रथम मंज़िल से गिरने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। उसकी प्रिय पत्नी बेगा बेग़म के द्वारा उसका मक़बरा बनवाया गया।

सूर साम्राज्य (Sur Empire) (1540-55)

शेरशाह सूरी

शेरशाह 1540 ईसवी में दिल्ली की गद्दी पर आसीन हुआ। मोहम्मद बिन तुगलक के बाद शेरशाह सूरी ने अब तक का सबसे शक्तिशाली साम्राज्य स्थापित किया। उसने मालवा एवं राजस्थान को अपने साम्राज्य में शामिल किया। 1545 में शेरशाह की मृत्यु के पश्चात् उसका पुत्र इस्लाम शाह शासक बना, जिसने 1553 तक शासन किया। इस्लाम शाह की मृत्यु के बाद उसके उत्तराधिकारियों के बीच गृहयुद्ध शुरू हो गया। इस अवसर का लाभ उठाकर हुमायूँ ने 1555 में अफ़ग़ानों को परास्त किया एवं दिल्ली तथा आगरा पर पुनः अधिकार कर लिया।

शेरशाह का योगदान (Contribution of Sher Shah)

1. उसने अपने संपूर्ण साम्राज्य में कानून और व्यवस्था की पुनर्स्थापना की।
2. उसने सड़कों का निर्माण करके साम्राज्य के विभिन्न भागों को आपस में जोड़ा, इससे व्यापार-वाणिज्य को तीव्र करने में सहायता मिली। उसने उत्तर–पश्चिम से बंगाल को जोड़ने वाले जी.टी. रोड़ (Grand Trunk Road – GT Road) का पुनर्निर्माण करवाया। उसने सड़कों के किनारे सरायों एवं धर्मशालाओं का निर्माण कराया। इनमें से बहुत-सी सराएँ, बाज़ार-नगरों (कस्बा) के रूप में विकसित हुई और समाचार सेवा या डाक चौकी के रूप में इस्तेमाल की जाने लगीं।
3. उसके द्वारा संपूर्ण साम्राज्य में किए गए मुद्रा सुधार तथा भार एवं माप के मानकीकरण ने व्यापार एवं वाणिज्य के संवर्द्धन में सहायता की।
4. सासाराम (बिहार) में शेरशाह सूरी ने स्वयं का मकबरा निर्मित कराया, जो सल्तनत-कालीन स्थापत्य कला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यही काल मुग़ल स्थापत्य कला का आरंभिक काल था।

अकबर (Akbar)

अकबर

अकबर, मुग़ल शासकों में सबसे महान शासक था। अकबर का राज्याभिषेक 1556 ईसवी में हुआ। 'पानीपत का द्वितीय युद्ध' अकबर के वकील बैरम खाँ और हिंदू शासक हेमू के मध्य 5 नवंबर, 1556 को हुआ, जिसमें हेमू पराजित हुआ। इस युद्ध के बाद अकबर ने साम्राज्य पर

अपना नियंत्रण स्थापित किया। साम्राज्य विस्तार के प्रथम चरण में अकबर ने अजमेर, मालवा, गढ़-कटंगा, राजस्थान, गुजरात एवं बंगाल को अपने नियंत्रण में कर लिया।

अकबर द्वारा किए गए प्रशासनिक सुधारों एवं उदारवादी धार्मिक नीतियों के परिणामस्वरूप गुजरात, बंगाल एवं बिहार में विद्रोह हुए। इन विद्रोहों ने संपूर्ण मुग़ल साम्राज्य को दो वर्षों (1580-81) तक विचलित रखा। अकबर ने अपने प्रबुद्ध अधिकारियों, जैसे- टोडरमल, राजा मान सिंह आदि की मदद से इन विद्रोहों को सफलतापूर्वक दबा दिया।

जल्द ही, उज़्बेकों के बढ़ते ख़तरे के कारण अकबर ने उत्तरी-पश्चिमी सीमा की ओर ध्यान केंद्रित करना शुरू किया। उसने उत्तर-पश्चिम में अपनी शक्ति संगठित की एवं साम्राज्य की वास्तविक सीमा का आकलन किया। उसने ओडिशा (पूर्व नाम उड़ीसा) एवं ढाका को भी अधिकृत कर लिया। इसके साथ ही, शताब्दी के अंत तक संपूर्ण उत्तर भारत का राजनीतिक एकीकरण कर लिया गया।

तत्पश्चात् उसने दक्षिण (दक्कन) की तरफ ध्यान केंद्रित किया। उसे दक्षिण की कट्टरपंथी प्रतिद्वंद्विता का डर था, जो उत्तर मुग़ल साम्राज्य में फैल सकती थी। इसी दौरान पुर्तगाली भी भारत में अपनी स्थिति मज़बूत कर रहे थे। पुर्तगालियों तेज़ी से संचालित की जा रही धर्मांतरण गतिविधियों ने भी अकबर को दक्षिण में हस्तक्षेप करने हेतु विवश कर दिया।

स्वयं अकबर ने आक्रमण करके 1601 ईसवी में खानदेश पर अधिकार किया। उसी वर्ष उसने बरार, अहमदनगर एवं तेलंगाना के कुछ भागों पर आक्रमण करके उन्हें भी नियंत्रण में कर लिया। हालाँकि दक्षिण की समस्याओं पर कोई अंतिम समाधान नहीं निकला, क्योंकि बीजापुर ने अब तक मुग़लों की अधीनता स्वीकार नहीं की थी। यहाँ की शेष चुनौतियों का सामना आगे जहाँगीर को करना पड़ा।

अकबर के शासनकाल में भू-राजस्व प्रशासन (Land Revenue Administration under Akbar)

भू-राजस्व प्रशासन के क्षेत्र में अकबर ने एक नई पद्धति 'दहसाला' (आइन-ए-दहसाला) अपनाई। इसके अंतर्गत पिछले 10 वर्षों की विभिन्न फ़सलों के औसत उत्पादन एवं औसत मूल्य की गणना की जाती थी। इसमें से एक-तिहाई भाग राज्य का होता था। नकद में राजस्व भुगतान की माँग की जाती थी। इस प्रणाली को 'ज़ब्ती प्रणाली' कहा जाता था, जो राजा टोडरमल से संबंधित थी।

अकबर के शासनकाल में मूल्यांकन की अन्य प्रणालियाँ भी प्रचलित थीं। इनमें से 'बँटाई' एवं 'गल्ला बख्शी' नामक प्रणालियाँ अति सामान्य एवं सबसे पुरानी थीं। इसके अंतर्गत उत्पादन को किसानों एवं राज्य के बीच स्थायी अनुपात में बाँटा जाता था। बँटाई व्यवस्था में किसान के पास नकद में या अन्य रूप में राजस्व चुकाने का विकल्प था, परंतु राज्य, नकद राजस्व भुगतान को प्राथमिकता देता था। इस दौरान प्रयुक्त एक अन्य पद्धति नसक़ (Nasaq) भी थी।

अकबर को कृषि सुधार में अत्यधिक रुचि थी। किसानों को बीज एवं अन्य कृषि आगतों (Agriculture Inputs) के लिए तक़ावी ऋण दिया जाता था। भू-राजस्व के निर्धारण में कृषि की निरंतरता को ध्यान में रखा जाता था। भूमि को गुणवत्ता के आधार पर वर्गीकृत भी किया गया था।

चित्र: टोडरमल तथा अकबर

मनसबदारी व्यवस्था (Mansabdari System)

इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक अधिकारी को एक मनसब रैंक या पद या ओहदा दिया जाता था। कुलीन (अभिजात) वर्ग के लिए निम्नतम पद (मनसब) 10 तथा अधिकतम 5000 था, जिसे बाद में 7000 तक बढ़ाया जा सकता था। जात का अर्थ है- व्यक्तिगत स्थान। जात से मनसबदार का पद-स्थान (ओहदा) और वेतन निर्धारित होता था। अत: 'सवार' का अर्थ है घुड़सवार। सवार से मनसबदार द्वारा रखे जाने वाले घुड़सवारों की संख्या तय होती थी। इस संबंध में, मनसबदारों को अपने सवारों को बनाए रखना पड़ता था। आदर्श रूप में, प्रत्येक घुड़सवार (एक सवार) हेतु दो घोड़ों का रख-रखाव करना होता था।

मनसबदारों को वेतन का भुगतान जागीर के रूप में किया जाता था। कभी-कभी नकद में भी दिया जाता था। इस साम्राज्य का विस्तार तथा संचालन एक शक्तिशाली सेना के बिना असंभव था। इसके लिए सेना के साथ-साथ कुलीन वर्ग को भी सुगठित करना आवश्यक था। अकबर ने ये दोनों उद्देश्य मनसबदारी व्यवस्था के माध्यम से पूर्ण किए।

राजपूतों के साथ संबंध (Relations with the Rajputs)

अकबर ने हुमायूँ की राजपूतों को जीतने की नीति को जारी रखा। अकबर ने इस नीति का विस्तार करते हुए राजपूतों के साथ वैवाहिक संबंधों की नीति का अनुसरण किया। परंतु उसने वैवाहिक संबंध स्थापित करने के लिए कोई पूर्वशर्त नहीं रखी। कई राजपूत राज्यों, जैसे- रणथंभौर, बाँसवाड़ा आदि ने बिना वैवाहिक संबंध स्थापित किए मुग़लों के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया। अकबर की राजपूत नीति धार्मिक सहिष्णुता का भी दृष्टिकोण से युक्त थी। महाराणा प्रताप के नेतृत्व में मेवाड़ ही एकमात्र राजपूत राज्य था, जिसने मुग़ल साम्राज्य की अधीनता स्वीकार नहीं की थी।

चित्र: राजपूत शासकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए अकबर

राजपूत राजाओं को मुग़ल प्रशासन में शामिल करने तथा उन्हें मुग़ल कुलीनों के बराबर सम्मान देने की अकबर की नीति अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुई। साथ ही, धार्मिक सहिष्णुता की नीति ने अकबर का राजपूतों से गहरा गठजोड़ स्थापित किया। आगे, अकबर की राजपूत नीति जहाँगीर एवं शाहजहाँ के द्वारा भी अपनाई गई।

अकबर की धार्मिक नीति (Akbar's Religious Policy)

उदारवादी धार्मिक नीति अपनाते हुए अकबर ने 'सुलह-ए-कुल' की नीति को बढ़ावा दिया, जिसके अंतर्गत प्रत्येक धर्म एवं संप्रदाय को समान सम्मान एवं महत्त्व मिलता था। 1557 ईसवी में अकबर ने फ़तेहपुर सीकरी में 'इबादतखाना' नामक प्रार्थना भवन बनवाया, जहाँ वह धार्मिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर धर्मशास्त्रियों, रहस्यवादियों, विद्वान दरबारियों एवं कुलीन वर्ग के साथ चर्चा करता था। अकबर ने एक नए संप्रदाय 'तौहिद-ए-इलाही' को आरंभ करने का प्रयास किया, जिसका अर्थ 'दिव्य एकेश्वरवाद' था।

अकबर ने सामाजिक एवं शैक्षिक सुधार भी शुरू किए। उसने सती प्रथा पर रोक लगाई और इसे केवल विधवा की स्वेच्छा से ही अनुप्रयोग में लाने की अनुमति दी। विधवा पुनर्विवाह वैधानिक कर दिया गया था। विवाह की आयु लड़कियों के लिए 14 वर्ष तथा लड़कों के लिए 16 वर्ष निर्धारित कर दी गई। शराब (Wines) तथा मद्यसार (Spirits) के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया। चूँकि अकबर के काल अंधविश्वास अत्यधिक था, अत: उसके इन प्रयासों को सीमित सफलता ही मिली। अकबर ने शैक्षिक पाठ्यक्रम भी परिवर्तित किया, गया जिसमें नैतिक तथा धर्मनिरपेक्ष विषयों, जैसे- गणित, कृषि, इतिहास, तर्कशास्त्र आदि पर बल दिया गया।

जहाँगीर (Jahangir)

जहाँगीर

जहाँगीर ने 1605 ईसवी में दिल्ली की गद्दी संभाली एवं 1627 ईसवी तक शासन किया। जहाँगीर के शासनकाल की प्रमुख उपलब्धियाँ राजपूतों के साथ प्रगाढ़ संबंध स्थापित करना एवं मेवाड़ के साथ विवाद समाप्त करना थीं। उसने दक्षिण (दक्कन) के राज्य भी अपने अधीन कर लिए, परंतु उसने दक्षिण (दक्कन) के मामलों में गहराई से उलझना उचित नहीं समझा। उसने बंगाल क्षेत्र में अफ़ग़ान विद्रोहों का भी समाधान किया। इसी बीच, ईरान ने कंधार पर आक्रमण करके उसे जीत लिया और शाहजहाँ ने दरबारियों की साज़िश में फँसकर कंधार की रक्षा हेतु जाने से मना कर दिया। अर्थात् शाहजहाँ ने विद्रोह कर दिया। इसी के साथ जहाँगीर के बिगड़ते स्वास्थ्य ने भी शाहजहाँ को सत्ता संभालने का अवसर प्रदान किया।

शाहजहाँ (Shah Jahan)

शाहजहाँ ने 1628 में सत्ता संभाली। आगरा में जहाँगीर के ख़राब स्वास्थ्य के कारण फैली अव्यवस्था, शाहजहाँ के विद्रोह और महावत खाँ की महत्वाकांक्षा के कारण दक्षिणी राज्यों का नियंत्रण हाथ से चला गया। दक्षिण में शांति स्थापना के लिए शाहजहाँ ने महसूस किया कि अहमदनगर को अधीन करना अत्यावश्यक है।

शाहजहाँ

शाहजहाँ ने बीजापुर के आदिलशाह के साथ अहमदनगर के ख़िलाफ़ संधि करने का प्रयास किया। परंतु आदिलशाह ने मुग़लों के ख़तरे को पहचान लिया तथा अहमदनगर के ख़िलाफ़ मुग़लों का साथ नहीं दिया। अत: मुग़ल दक्षिणी क्षेत्र को नियंत्रित करने में असफल रहे। इसके बाद शाहजहाँ ने अपना ध्यान बाजीपुर की ओर केंद्रित किया। इसी समय उसने मुग़ल एवं बीजापुर के मध्य अहमदनगर के विभाजन का प्रस्ताव रखा।

तदोपरांत 1636 ईसवी में मुग़लों एवं बीजापुर के मध्य संधि हुई। इस संधि के साथ दक्षिण पर भी मुग़लों का आधिपत्य हो गया। लेकिन मराठा सरदारों जैसे शाह जी एवं उनके बाद उनके पुत्र शिवाजी तथा गोलकुंडा के शासकों की महत्वाकांक्षाओं के कारण इस क्षेत्र में अव्यवस्था बनी रही। साथ ही, औरंगज़ेब की दक्कन के वायसराय के रूप में नियुक्ति ने दक्षिण की समस्या को और भी जटिल बना दिया।

जहाँगीर एवं शाहजहाँ के दौरान प्रशासन (Administration during Jahangir and Shah Jahan)

अकबर के द्वारा विकसित प्रशासन पद्धति एवं भू-राजस्व व्यवस्था अल्प परिवर्तनों के साथ, जहाँगीर एवं शाहजहाँ के शासनकाल में भी जारी रही। हालाँकि मनसबदारी व्यवस्था में कुछ बदलाव किए गए। जहाँगीर ने दु-अस्पाह, सिह-अस्पाह व्यवस्था (अर्थात् दो या तीन घोड़ों वाला सैनिक) आरंभ की, जिसके अंतर्गत कुछ चयनित सामंतों को, उनके जात पद में वृद्धि किए बिना, सैनिकों का एक बड़ा कोटा रखने की अनुमति दी जा सकती थी। शाहजहाँ के शासनकाल में रखे जाने वाले सैनिकों की संख्या घटाने हेतु इस व्यवस्था को पुन: संशोधित किया गया। सैनिकों की संख्या में यह कमी राजकोष पर विभिन्न वित्तीय संकटों के कारण की गई थी। इसने मुग़लों की अश्वसेना की दक्षता को अत्यधिक प्रभावित किया। इसके बावजूद, जहाँगीर के समय में व्यक्तिगत निगरानी तथा उच्च कुशल एवं योग्य वज़ीरों के कारण मनसबदारी व्यवस्था उचित रूप से कार्य करती रही।

औरंगज़ेब (Aurangzeb)

औरंगज़ेब

शाहजहाँ का अंतिम समय उसके पुत्रों के मध्य उत्तराधिकार के युद्धों का साक्षी था। अपने पिता एवं भाइयों के प्रति क्रूर दृष्टिकोण के कारण औरंगज़ेब गद्दी हासिल प्राप्त करने में सफल रहा। उसके शासनकाल में मुग़ल साम्राज्य अपने चरम पर पहुँच गया। उसका शासन उत्तर में कश्मीर से लेकर दक्षिण में जिंजी (Jinji) तक तथा पश्चिम में हिंदुकुश से लेकर पूर्व में चटगाँव तक विस्तृत था।

औरंगज़ेब अपने विचारों से अत्यंत रूढ़िवादी था। उसने कई हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, जिसकी वजह से हिंदुओं के बड़े भाग में असंतोष फैला। 1679 ईसवी में पुनः जजिया कर आरोपित करने से हिंदुओं के बीच और अधिक रोष व्याप्त हो गया। लेकिन उसके धार्मिक मतों को उसकी राजनीतिक नीतियों का आधार नहीं माना जा सकता।

हालाँकि औंरगजेब ने राजपूतों के साथ प्रगाढ़ संबंधों को महत्त्व दिया, परंतु मेवाड़ एवं मारवाड़ को उसने अपने अधीन करने की नीति अपनाई, जिससे उसके ने राजपूतों के साथ संबंध कमज़ोर हुए। वह जाटों, अफ़ग़ानों और सिक्खों के साथ भी विवादों में उलझा रहा, जिससे साम्राज्य पर काफ़ी दबाव पड़ा। औरंगज़ेब इन सभी क्रियाकलापों में अत्यंत व्यस्त रहा। इस स्थिति ने मराठा साम्राज्य के उदय के दौरान शिवाजी पर मुग़लों के दबाव को कम कर दिया।

1681 ईसवी में औरंगज़ेब ने दक्षिण में अभियान शुरू किए। वह बीजापुर एवं गोलकुंडा के ख़िलाफ़ सफलतापूर्वक विजयी हुआ।

उसने मराठों की ओर भी रुख किया, परंतु मराठा पराजित नहीं हुए। अंततः 1707 ईसवी में, मुग़ल साम्राज्य को अत्यंत अव्यवस्थित और आतंरिक समस्याओं से ग्रस्त अवस्था में छोड़कर औरंगज़ेब चल बसा।

1.2 उत्तर मुग़ल काल (Later Mughals)

1707 में औरंगज़ेब की मृत्यु के पश्चात् का समय निम्नलिखित विशेषताओं से जाना जाता है-

- कमज़ोर उत्तराधिकारी
- उत्तराधिकार युद्ध
- कुलीन (अभिजात/अमीर/सामंत) वर्ग की शक्ति में बढ़ोतरी। ये या तो शासक को सत्ता पर बिठाने में अत्यंत प्रभावशाली भूमिका निभाने लगे थे या इन्होंने अर्धस्वतंत्र या स्वतंत्र राज्यों की स्थापना कर ली थी।
- दरबारी षड्यंत्र
- धार्मिक सहिष्णुता
- बादशाह की शक्ति में कमी
- प्रभावी नियंत्रण क्षेत्र में कमी

बहादुर शाह-I (Bahadur Shah-I)

बहादुर शाह-1

- उत्तराधिकार के युद्ध में बहादुर शाह-I विजयी हुआ तथा औरंगज़ेब की मृत्यु के बाद शासक बना।
- उसने शांतिप्रिय नीति को बढ़ावा दिया।
- गुरु गोविंद सिंह के साथ उसने शांति स्थापित की, परंतु बाद में सिक्खों (जो बंदा बहादुर के नेतृत्व में विद्रोह कर रहे थे) के ख़िलाफ़ अभियान किए।
- उसके द्वारा किए गए जागीरों के अंधाधुंध वितरण के कारण राजकोष में अत्यंत गिरावट आई।

जहाँदार शाह (Jahandar Shah) (1712-13)

जहाँदार शाह

- जहाँदार शाह, ज़ुल्फ़िकार खाँ की सहायता से शासक बना। शासक बनने के बाद जहाँदार शाह ने ज़ुल्फ़िकार खाँ को अपना वज़ीर नियुक्त किया।
- इसके शासनकाल में प्रशासन ज़ुल्फ़िकार खाँ के अधीन था।
- उसने भू-राजस्व की इजारा प्रथा (राजस्व ठेके की प्रथा) को बढ़ावा दिया। इससे किसानों का उत्पीड़न बढ़ा।
- सैयद बंधुओं की सहायता से फर्रुख़सियर ने इसे पराजित कर दिया और इसके शासन का अंत हुआ।

फर्रुख़सियर (Farrukh Siyar) (1713-19)

फर्रुख़सियर

- फर्रुख़सियर ने सैयद बंधुओं (जो साम्राज्य के प्रशासन में अत्यधिक प्रभावशाली हो रहे थे) के सहयोग से सत्ता प्राप्त की, मगर आगे चलकर वह सैयद बंधुओं के साथ ही सत्ता-संघर्ष में उलझ गया।
- 1719 ईसवी में सैयद बंधुओं ने ही इसकी हत्या कर दी।

सैयद बंधु (Saiyid Brothers)

सैयद बंधु

- अब्दुल्ला खान एवं हुसैन अली खान नामक दो भाई सैयद बंधुओं के नाम से प्रसिद्ध हुए।।
- राजा को अपनी मर्ज़ी से सिंहासनारूढ़ करने और सिंहासन से उतारने के कारण ये 'राजा बनाने वाले' (Kingmaker) के नाम से प्रसिद्ध हुए।
- प्रशासन में इनका प्रभाव अत्यधिक बढ़ गया।
- उन्होंने साम्राज्य को विद्रोह एवं प्रशासनिक विघटन से बचाने का प्रयास किया, किंतु दरबारी षड्यंत्रों के कारण असफल रहे।

मुहम्मद शाह (Muhammad Shah)

मुहम्मद शाह

- मुहम्मद शाह ने प्रशासनिक काम-काज को नज़रअंदाज़ किया।
- वह स्वयं दरबारी षड्यंत्रों में शामिल रहा।
- उसके शासनकाल में नादिरशाह का आक्रमण हुआ।
- इसके शासनकाल में साम्राज्य के अंतर्गत प्रभावी नियंत्रण क्षेत्र में कमी आई।

अगले मुग़ल शासक अहमदशाह (1748-54) और आलमगीर-II (1754-59) अव्यवस्था को नियंत्रित करने में अत्यंत कमज़ोर थे। अहमदशाह अब्दाली के बारंबार आक्रमण, पंजाब पर अफ़ग़ानों के अधिकार एवं मराठों के विस्तार ने मुग़ल साम्राज्य को दिल्ली तक सीमित कर दिया था। इसके बाद मुग़लों ने या तो मराठों या अंग्रेज़ों की कठपुतली बनकर शासन किया।

शाह आलम-II ने 1759 ईसवी में गद्दी संभाली। 1764 ईसवी में उसने बंगाल के मीर क़ासिम एवं अवध के नवाब शुजाउद्दौला के साथ मिलकर अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ 'बक्सर का युद्ध' लड़ा। युद्ध में पराजय के पश्चात् हुई इलाहाबाद की संधि ने उसे ईस्ट इंडिया कंपनी (EIC) का पेंशनधारी बना दिया। 1772 ईसवी में वह मराठों के संरक्षण में दिल्ली लौट आया।

1803 ईसवी में अंग्रेज़ों ने दिल्ली पर अधिकार कर लिया। 1858 तक अंग्रेज़ों ने मुग़ल साम्राज्य को काल्पनिक रूप से जीवित रखा और फिर अंतिम मुग़ल बादशाह बहादुरशाह जफ़र को रंगून निर्वासित कर दिया। इसी के साथ औपचारिक रूप से मुग़ल साम्राज्य का अंत हो गया।

1.3 विदेशी आक्रमण (Foreign Invasions)

नादिरशाह का आक्रमण (Nadir Shah's Invasion)

आक्रमण के कारण (Causes of the Invasion)

नादिरशाह

1. **उत्तर-पश्चिमी सीमा की सुरक्षा में लापरवाही:** औरंगज़ेब उत्तर-पश्चिमी सीमा की सुरक्षा के लिए सतर्क था, परंतु 1707 के बाद काबुल एवं गजनी का प्रशासन शिथिल हो गया था। उदाहरणार्थ, सैनिकों को 5 वर्षों से वेतन नहीं दिया गया था।
2. **समझौते का उल्लंघन:** नादिरशाह ने मुग़ल सम्राट मुहम्मद शाह से भगोड़े अफ़ग़ानों को शरण न देने का समझौता किया था, परंतु मुग़लों ने इसका पालन नहीं किया।
3. **राजदूतों के साथ दुर्व्यवहार:** नादिरशाह द्वारा दिल्ली भेजे गए राजदूत पर मुग़ल सैनिकों ने हमला कर दिया। इसके साथ ही, मुग़लों ने फ़ारसी दरबार में राजदूत भेजने की प्रथा को भी समाप्त कर दिया था।
4. **संपत्ति की लालसा:** नादिरशाह भारत की अपार धन-संपदा के प्रति आकर्षित था।
5. **आमंत्रण:** भारत पर आक्रमण करने के लिए हिंदुस्तानी अमीरों द्वारा नादिरशाह को आमंत्रित किया गया था। इस आमंत्रण ने मुग़ल साम्राज्य में फैली अव्यवस्था को सुनिश्चित कर दिया।

परिणामत: नादिरशाह ने 1738 में भारत अभियान आरंभ किया और बिना किसी प्रतिरोध के लाहौर जीत लिया। पहले से सतर्क मुग़ल बादशाह ने निज़ाम-उल-मुल्क एवं सआदत खाँ के साथ मिलकर सेना संगठित करने की कोशिश की थी। परंतु कुशल रणनीति के अभाव एवं आपसी ईर्ष्या की वजह से मुग़ल सेनाओं को फरवरी 1739 में 'करनाल के युद्ध' में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।

नादिरशाह ने दिल्ली पर हमला करके इसे लूटा। उसकी लूट की राशि का आकलन कुल 70 करोड़ के लगभग किया गया। वह शाहजहाँ का रत्नजड़ित मयूर सिंहासन (तख्ते ताऊस) और सुप्रसिद्ध कोहिनूर हीरा भी अपने साथ ले गया।

नादिरशाह के आक्रमण के प्रभाव (Impact of Nadir Shah's Invasion)

1. वित्तीय क्षति के अतिरिक्त, नादिरशाह के आक्रमण ने मुग़लों की प्रतिष्ठा नष्ट कर दी। मराठों एवं अन्य विदेशी कंपनियों ने इसका भरपूर लाभ उठाया।
2. केंद्रीय प्रशासन क्षत-विक्षत हो गया।
3. शक्तिहीन सामंत वर्ग ने अपनी क्षतिपूर्ति किसानों से अतिरिक्त कर की वसूली करके की।
4. काबुल एवं पश्चिमी सिंधु क्षेत्र हाथ से निकल चले जाने से मुग़ल साम्राज्य पर उत्तर-पश्चिमी सीमाओं से आक्रमणों का ख़तरा बढ़ गया।

अहमदशाह अब्दाली का आक्रमण (Ahmed Shah Abdali's Invasions)

अहमदशाह अब्दाली

1747 ईसवी में नादिरशाह की हत्या करके अहमदशाह अब्दाली ने स्वयं को कंधार का सम्राट घोषित किया। जल्द ही, उसने अफ़ग़ानिस्तान में नया साम्राज्य स्थापित कर लिया। 1748 से 1767 तक उसने कई बार भारत पर आक्रमण किया। उसने मराठों को 1761 में पानीपत के तृतीय युद्ध में पराजित किया।

अब्दाली के आक्रमण के प्रभाव (Impact of Abdali's Invasions)

1. अब्दाली के आक्रमणों ने मुग़ल साम्राज्य के पतन की गति तीव्र कर दी।
2. बार-बार होने वाले आक्रमणों ने मुग़ल प्रशासन को पंगु बना दिया।
3. साम्राज्य पर वित्तीय संकट आ गया।
4. आक्रमण ने मुग़ल साम्राज्य को नियंत्रित करने की मराठा आकांक्षाओं पर पानी फेर दिया।
5. आक्रमण से उपजी अव्यवस्था से नई क्षेत्रीय शक्तियों, जैसे- सिक्ख, रुहेला आदि का उदय हुआ।

1.4 विश्लेषण (Analysis)

मुग़ल साम्राज्य के पतन के कारण (Causes of Decline of Mughal Empire)

औरंगज़ेब की नीतियाँ (Responsibility of Aurangzeb)

औरंगज़ेब के शासन में, मुग़ल साम्राज्य अपने क्षेत्रीय विस्तार के चरमोत्कर्ष पर पहुँच गया था, परंतु यह प्रादेशिक विस्तार केंद्रीय प्रशासन के नियंत्रण से पृथक् ही रहा। उस दौरान संचार साधनों का पर्याप्त विकास नहीं हो पाया था। अत: इस विस्तृत साम्राज्य को औरंगज़ेब के कमज़ोर उत्तराधिकारी नियंत्रित करने में असमर्थ रहे। औरंगज़ेब की धार्मिक नीतियों ने साम्राज्य में असंतोष बढ़ा दिया, जिसके फलस्वरूप सिक्खों, जाटों, बुंदेलों आदि ने विद्रोह कर दिया। दक्षिणी राज्यों एवं मराठों के ख़िलाफ़ उसकी कट्टर साम्राज्यवादी नीतियों ने साम्राज्य के संसाधनों का ह्रास किया।

कमज़ोर उत्तराधिकारी एवं कुलीन वर्ग (Weak-Successors and Nobles)

केंद्रीकृत मुग़ल साम्राज्य को एक शक्तिशाली शासक की आवश्यकता थी, लेकिन औरंगज़ेब के कमज़ोर उत्तराधिकारियों ने विलासिता को महत्त्व दिया और प्रशासन (राजकाज) को नज़रअंदाज़ किया, जिससे साम्राज्य की कमियाँ उजागर हुईं। सेना पर भी ध्यान न देने से साम्राज्य में विद्रोह बढ़े एवं मराठा जैसी क्षेत्रीय शक्तियाँ मज़बूत हो गईं। इन्हीं वजहों से बाहरी आक्रमण भी बढ़ गए, जिससे साम्राज्य के संसाधनों की लूट-मार अत्यधिक बढ़ गई।

सामंत वर्ग ने भी बादशाह को देखकर या तो विलासिता में जीवन व्यतीत करना आरंभ कर दिया या अपने स्वतंत्र राज्यों की स्थापना कर ली। उन्होंने उत्तराधिकार के युद्धों में अपने हितों के अनुसार अलग-अलग गुटों का समर्थन किया। इस उठा-पटक में सैयद बंधुओं ने तो किंगमेकर तक की भूमिका निभाई। इन गुटों की आपसी ईर्ष्या इतनी मज़बूत थी कि बाहरी आक्रमण के समय के समय भी ये एकजुट नहीं हो सके।

सैन्य कमज़ोरियाँ (Military Weaknesses)

सेना का संगठन सामंतवादी आधार पर होने के कारण इसकी कुछ सीमाएँ थीं। सैनिकों ने सम्राट/बादशाह की अपेक्षा मनसब को अधिक महत्त्व दिया। उत्तर मुग़ल काल में यह अव्यवस्था अधिक प्रभावी रही।

सेना में अनुशासन, एकजुटता एवं आधुनिक उपकरणों की कमी थी। मुग़ल सेना का युद्ध-प्रबंधन बोझिल हो गया था। सेना के अधिकारी प्राय: दल-बदली करते थे। वित्तीय संकट के कारण सैनिकों को कई बार वेतन नहीं दिया गया। ऐसी सेना, एकजुटता एवं राजनिष्ठा के बिना साम्राज्य के लिए नहीं लड़ सकती थी।

वित्तीय संकट (Financial Crisis)

औरंगज़ेब के दक्षिण अभियान ने राजकोष एवं व्यापार का ह्रास किया। निरंतर युद्धों ने फ़सलों को बर्बाद किया और किसानों को कृषि छोड़ने हेतु विवश किया। इसका राजस्व पर बुरा असर पड़ा।

उत्तर मुग़ल काल में यह समस्या और गंभीर हो गई। स्वतंत्र राज्यों के बनने से राजस्व में गिरावट आई। उत्तराधिकार युद्धों, सम्राटों एवं सामंत वर्ग की विलासिता के कारण राजकोष खाली हो गया। जागीर के रूप में वेतन भुगतान एवं बाहरी आक्रमणों का भी साम्राज्य के संसाधनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

मराठों का उदय (Rise of Marathas)

मराठा, मुग़ल साम्राज्य के पतन का एक प्रमुख बाह्य कारण थे। पेशवाओं के द्वारा अपनाई गई हिंदू साम्राज्य की नीति केवल मुग़ल साम्राज्य के पतन के बाद ही सफल हो सकती थी।

मुग़ल साम्राज्य हिंदू-मुस्लिम एकता बनाए रखने में असफल रहा, जिसका मराठों ने लाभ उठाया। कई भारतीय शासक व उनके अनुयायी मुग़लों को विदेशी तथा भारत व हिंदुओं के शत्रु के रूप में देखते थे।

नादिरशाह एवं अहमदशाह अब्दाली के आक्रमण (Invasions of Nadir Shah and Ahmed Shah Abdali)

इन आक्रमणों ने मुग़ल सेना की कमज़ोरियों को उजागर किया। इन आक्रांताओं ने साम्राज्य के वित्तीय संसाधनों को बुरी तरह लूटा।

यूरोपीय कंपनियाँ (European Companies)

मुग़ल साम्राज्य के मध्यकालीन चरित्र को प्रगतिशील एवं क्रियाशील यूरोपीय कंपनियों द्वारा चुनौती दी गई। सभ्यता के विकास में यूरोपियों ने भारतीयों को पीछे छोड़ दिया था।

मुग़ल शासन के प्रभाव (Impact of the Mughal Rule)

राजनीतिक (Political)

- तुर्कों द्वारा आरंभ की गई देश के राजनीतिक एकीकरण की प्रक्रिया मुग़लों के काल में आकर पूर्ण हुई।
- मुग़लों के द्वारा स्थापित प्रशासनिक व्यवस्था, जो मुख्यत: उत्तर भारत तक सीमित थी, ने देश के अन्य भागों को भी अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया।

- मुग़ल राजनीतिक व्यवस्था ने राज्य प्रशासन के कई नए संस्थानों का गठन किया, जैसे- दीवान-ए-आला।
- मुग़ल, उत्तर-पश्चिमी सीमा को 200 वर्षों तक सुरक्षित रखने में सफल रहे। हालाँकि इस सीमा का क्षरण भी उत्तर-मुग़ल काल में ही हुआ।
- जब तक मुग़ल साम्राज्य मज़बूत था, व्यापारिक कंपनियाँ अपनी क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में सफल नहीं हो सकी थीं।
- मुग़ल एक मज़बूत नौसेना नहीं बना पाए, जिसका लाभ कंपनियों को राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने में मिला।
- औरंगज़ेब के समय को छोड़कर, मुग़ल राजनीतिक व्यवस्था कमोबेश धर्मनिरपेक्ष रही। इससे देश में शांति एवं सहिष्णुता स्थापित करने में सहायता मिली।

सामाजिक (Social)

- धर्मनिरपेक्ष राज्य-व्यवस्था होने के कारण सामंजस्य एवं समरसता को बढ़ावा मिला।
- मुग़ल साम्राज्य में महिलाओं की दशा में सुधार तो नहीं हुआ, लेकिन पर्दा प्रथा जैसी कुप्रथाओं का विकास अवश्य हुआ।
- सामंत वर्ग के उदय से सामाजिक असमानता बढ़ी।
- इस्लाम की चुनौतियों के बावजूद जाति व्यवस्था पूर्ववर्ती स्वरूप में बनी रही।
- अकबर जैसे मुग़ल बादशाहों ने अधिक वैज्ञानिक विषयों को समाविष्ट करते हुए शिक्षा को आधुनिक बनाने का प्रयास किया, किंतु रूढ़िवादी तत्त्वों के दबाव से ये कदम सफल नहीं हो पाए।

मुग़ल काल का अधिकांश इतिहास राजाओं, बादशाहों, सामंतों आदि को आधार बनाकर लिखा गया। ऐसे में, आम लोगों पर मुग़ल शासन के वास्तविक प्रभावों का आकलन करना कठिन है।

आर्थिक (Economic)

- मुग़ल साम्राज्य में भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्यत: सामंतवाद पर आधारित थी, जिसके परिणामस्वरूप आर्थिक असमानताएँ उत्पन्न हुईं और किसानों की दशा में भी अधिक सुधार नहीं हुआ।
- चाँदी के सिक्कों, सराय एवं सड़कों के निर्माण से व्यापार तथा हस्तशिल्प उद्योगों का विकास हुआ, परंतु नौसेना की कमी के कारण, भारत के लोग अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का लाभ नहीं ले सके।
- मुग़ल साम्राज्य में शांति स्थापना से कृषि में सहायता मिली, परंतु किसानों की दशा पहले की तरह लगभग ख़राब ही बनी रही।
- मुग़ल साम्राज्य ने नवाचार करने का प्रयास नहीं लिया, इसलिए उनकी अर्थव्यवस्था विज्ञान एवं तकनीक क्षेत्र में पिछड़ी रही।

मुग़ल साम्राज्य में एक सांस्कृतिक राज्य के तत्त्व भी शामिल थे। इसका प्रमुख कारण मुग़ल शासकों द्वारा विद्वानों के साथ-साथ कला एवं स्थापत्य को संरक्षण प्रदान करना था।

सांस्कृतिक (Cultural)

- मुग़लों ने शानदार किलों, महलों, दरवाज़ों, सार्वजनिक इमारतों मस्जिदों, सरायों आदि का निर्माण कराया। मुग़लकालीन स्थापत्य कला में मुख्यत: लाल बलुआ पत्थर और सफेद संगमरमर का प्रयोग किया गया। चारबाग शैली एवं पित्रादूरा तकनीक को प्रयोग मुग़ल स्थापत्य कला के प्रमुख योगदान थे।
- मुग़लों का चित्रकला के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। मुख्यत: जहाँगीर के समय में चित्रकला के क्षेत्र में अद्वितीय प्रगति हुई। मुग़लकाल की चित्रकला क्षेत्रीय शैलियों, जैसे- राजस्थानी, पहाड़ी आदि से भी प्रभावित थी।
- मुग़ल शासकों ने कई विद्वानों को संरक्षण दिया, उदाहरणार्थ- अबुल फज़ल को अकबर द्वारा संरक्षण प्रदान किया गया।
- मुग़ल काल में संगीत के क्षेत्र में भी महत्त्वपूर्ण प्रगति हुई। उदाहरण के लिए, अकबर ने ग्वालियर के तानसेन को संरक्षण दिया, जिन्होंने विभिन्न रागों की रचना की। मुग़ल काल में वाद्य यंत्रों का भी विकास हुआ।

यद्यपि औरंगज़ेब ने अपने दरबार में गायन पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन वाद्य यंत्रों के वादन को प्रतिबंधित नहीं किया था। मुहम्मदशाह का शासनकाल (1719-48) भी संगीत के विकास हेतु जाना जाता है।

■■■■

विगत् वर्षों की मुख्य परीक्षा के प्रश्न को हल कीजिए

1. स्पष्ट कीजिए कि अठारहवीं शताब्दी के मध्य में भारत किस प्रकार विखंडित राज्य व्यवस्था के भय से घिरा हुआ था। (2017)

उत्तर मुग़ल काल

बहादुर शाह प्रथम

- औरंगज़ेब का उत्तराधिकारी
- सहिष्णु
- शांतिप्रिय तथा मित्रवत्



(1707-1712)

जहाँदार शाह

(1712-1713)

- जाटों, राजपूतों तथा मराठों के साथ मित्रवत्
- जजिया की समाप्ति
- जागीरों की रोकथाम
- इजरात को बढ़ाना

फर्रुख़सियर

- सत्ता प्राप्ति में सैयद बंधुओं का सहयोग
- ईस्ट इंडिया कंपनी को व्यापारिक विशेषाधिकार प्रदान किए।

(1713-1719)

मुहम्मद शाह

(1720-1748)

- नादिरशाह का आक्रमण
- अहमदशाह अब्दाली का आक्रमण
- सैयद बुंधओं की कठपुतली

आलमगीर द्वितीय

- प्लासी का युद्ध
- कमज़ोर राजा

(1754-1759)

शाह आलम द्वितीय

(1759-1806)

- बक्सर का युद्ध (1764)
- मराठों और अंग्रेज़ों की कठपुतली

बहादुशाह जफ़र

- 1857 की क्रांति
- मुग़ल साम्राज्य का नाममात्र का प्रधान

(1837-1857)

मुग़ल शासन के प्रभाव

01 राजनीतिक

- मुग़लों ने देश का राजनीतिक एकीकरण किया और राज्य का संस्थानीकरण किया।
- जब तक मुगल प्रभावशाली थे, उन्होंने देश की उत्तर–पश्चिमी सीमा को सुरक्षित रखा और यूरोपीय कंपनियों को क्षेत्रीय नियंत्रण प्राप्त करने से रोके रखा।

02 सामाजिक

- मुग़ल राज्य व्यापक तौर पर धर्मनिरपेक्ष थे।
- इनके शासन से महिलाओं की दशा सुधारने में सहायता नहीं मिली।
- इनके शासनकाल में पर्दा प्रथा का प्रसार हुआ।
- सामंतवाद को बढ़ावा मिला।
- सूफ़ी आंदोलन के बावजूद जाति प्रथा प्रभावी रही।
- रुढ़िवादी तत्त्वों ने शिक्षा के आधुनिकीकरण को रोके रखा।

03 आर्थिक

- भारतीय अर्थव्यवस्था सामंतवादी बनी रही।
- चाँदी के सिक्कों, सड़कों तथा सरायों आदि के निर्माण से व्यापार तथा हस्तशिल्प पर सीधा सकारात्मक प्रभाव पड़ा।
- कमज़ोर नौसेना के कारण अंतर्राष्ट्रीय व्यापार निम्न रहा।
- कृषि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़े।
- नवोन्मेषन को प्रोत्साहन नहीं मिला, अतः विज्ञान तथा तकनीक पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

04 सांस्कृतिक

- मुग़लों ने कला तथा स्थापत्य को संरक्षण दिया।
- इन्होंने चार–बाग शैली, पित्रादूरा आदि को प्रांरभ किया।
- शानदार संरचनाएं बनाई गईं और मुख्यतः लाल बलुआ पत्थर तथा संगमरमर का उपयोग किया गया।
- इन्होंने चित्रकला को संरक्षण प्रदान किया, जिसका प्रभाव क्षेत्रीय शैलियों, जैसे– राजस्थानी शैली, पहाड़ी शैली आदि पर भी पड़ा।
- मुगलों के बहुत से दरबारी कवि, संगीतकार भी थे।



17वीं शताब्दी
मुग़ल
अधिकतम विस्तार
यारकंद
बल्ख़
बदख़्शाँ
1646
काबुल
अफ़ग़ानिस्तान
कश्मीर
पेशावर
कांधार
1652-53
पंजाब
कांगड़ा
लाहौर
मुल्तान
बलुचिस्तान
हि मा ल य प र्व त
सिंधु (Indus)
राजपूताना
दिल्ली
मथुरा
आगरा
अजमेर
जैसलमेर
जोधपुर
सिंध
अवध
गंगा
बिहार
कूच बिहार
कामरूप (असम)
1661-62
ग्वालियर
बनारस
पटना
चित्तौड़
मालवा
कच्छ
बंगाल
ढाका
हुगली
चंद्रनगर
चटगाँव
गुजरात
खंभात
नर्मदा नदी
खानदेश
महानदी
सूरत
ताप्ती
बुरहानपुर
दीव
दमन
दौलताबाद
औरंगाबाद
गोंडवाना
उड़ीसा
बॉम्बे
जंजीरा
अहमदनगर
1687
रामगीर
गोदावरी नदी
परांडा
बीदर
गोलकुंडा
बीजापुर
कृष्णा नदी
अरब सागर
गोआ
1686
बंगाल की खाड़ी
पुलीकट
मद्रास
पांडिचेरी
कालीकट
तंजौर
त्रिचनापल्ली
नागपट्टनम
कोचीन
पोलीगर
कोल्लम
सिलोन (श्रीलंका)
कोलंबो
1635 ईसवी के आस-पास मुग़ल साम्राज्य
1635 ईसवी के बाद विजित क्षेत्र
सफ़वी वंश (पर्शिया)
बुखारा के ख़ानेत
1680 ईसवी के आस-पास मराठा
असफल मुग़ल आक्रमण, वर्षों के साथ
यूरोपीय व्यापारिक बस्तियाँ

18वीं शताब्दी
1770 के आस-पास की स्थिति
यारकंद
काबुल
अफ़गानिस्तान
पेशावर
ग़ज़नी
कश्मीर
श्रीनगर
पंजाब
कंधार
लाहौर
सिक्ख
मुल्तान
लुधियाना
कलात
बहावलपुर
पानीपत
1761
दिल्ली
रोहिलखंड
अवध
पतन
हिमालय
नेपाल
काठमांडू
ल्हासा
भूटान
पर्वत
ब्रह्मपुत्र
1765
जयपुर
अलीगढ़
आगरा
जाट क्षेत्र
ग्वालियर
कानपुर
बनारस
जोधपुर
अजमेर
सिंध
राजपूताना
उदयपुर
चित्तौड़
इलाहाबाद
पटना
गंगा
बंगाल
मुर्शीदाबाद
प्लासी
ढाका
बुंदेलखंड
कच्छ
मालवा
मराठा संघ
बड़ौदा
काठियावाड़
नर्मदा
गोंडवाना
उड़ीसा
कलकत्ता (B)
चटगाँव
महानदी
दीव (P)
सूरत
ताप्ती
बरार
नागपुर
दमन (P)
बसीन
बॉम्बे (B)
औरंगाबाद
उत्तरी सरकार
1766
गोदावरी
सतारा
हैदराबाद
बीजापुर
कृष्णा
कोल्हापुर
मसूलीपट्टनम
अरब सागर
गोआ (P)
बंगाल की खाड़ी
कर्नाटक
मैसूर
मद्रास (B)
अर्कोट
कांजीवरम (B)
श्रीरंगपट्टनम
कन्नूर (D)
माहे (F)
पांडिचेरी (F)
कराईकल (F)
नागपट्टनम (D)
कोचीन
त्रावणकोर
त्रिंकोमाली
सिलोन (D)
कैंडी
कोलंबो
मुग़ल (दिल्ली)
मुग़ल (दिल्ली) वायसराय परंतु वस्तुतः स्वतंत्र
अफ़ग़ान आधिपत्य के क्षेत्र
ब्रिटिश क्षेत्र, अधिग्रहण के वर्ष सहित
हिंदू राजाओं के अंतर्गत क्षेत्र
अहमदशाह अब्दाली के आक्रमण (1748-1767)
यूरोपीय व्यापारिक बस्तियाँ: P = पुर्तगाली, F = फ़्रांसीसी, B = ब्रिटिश, D = डच